# महाराणा प्रताप महाविद्यालय,जंगल धूसड़, गोरखपुर






सम्पादक–
श्री सिद्धार्थ कुमार शुक्ल
श्रीमती विभा सिंह
श्री हरिकेश यादव

# ध्येय पथ जनवरी माह– 2026

## शिक्षण सत्र का शुभारंभ




05 जनवरी 2026 को प्रार्थना सभा में सम सेमेस्टर के शिक्षण कार्य के शुभारंभ के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनीष त्रिपाठी ने छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों को नये शैक्षिक सत्र के लिए शुभकामनाऐं दी तथा शैक्षणिक परम्पराओं, अनुशासन और गौरवशाली इतिहास को बनाएं रखने का संकल्प के लिए प्रेरित किया।




## विधायक खेल प्रतियोगिता

09 जनवरी को वीर बहादुर सिंह स्पोर्टस कालेज, खजांची चौक, गोरखपुर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की कबड्डी बालिका वर्ग एवं वॉलीबाल बालक वर्ग की टीम ने सेमीफाइनल को जीतकर फाइनल में प्रवेश किया, जहॉ वे उपविजेता (रनर–अप) की सम्मानजनक पदवीं हासिल किये। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनीष त्रिपाठी ने दोनों टीमों को शुभकामनाएँ दी।

## भारत–भारती पखवाड़ा (उद्घाटन कार्यक्रम)




12 जनवरी को 'भारत–भारती पखवाड़ा' के अन्तर्गत 'स्वामी विवेकानन्द जयंती' के अवसर विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ''मिशन कर्म योग एवं विकसित भारत'' विषय पर कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता के रूप में अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के श्री एल. वेंकटेश्वरलू ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया एवं विशिष्ट वक्ता के रूप में जीवन व्रती, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं समाजसेवी श्री अश्विनी कुमार का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनीष त्रिपाठी ने की। कार्यक्रम का संचालन रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के सहायक आचार्य श्री विवेक विश्वकर्मा ने किया।

## स्वामी विवेकानन्द जयंती




12 जनवरी को प्रार्थना सभा में 'स्वामी विवेकानन्द जयंती' के अवसर पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डॉ. अवन्तिका पाठक ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय परिवार की तरफ से स्वामी विवेकानन्द जी को हार्दिक श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## प्रश्नमंच प्रतियोगिता




16 जनवरी को 'भारत–भारती पखवाड़ा' के अन्तर्गत 'प्रश्नमंच प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में टीम–14 को प्रथम स्थान, टीम–06 को द्वितीय स्थान तथा टीम–10 को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन कम्प्यूटर विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती श्रुति शाही ने किया।

## लक्ष्मीकांत झां एवं पं0 राम नरेश त्रिपाठी पुण्यतिथि

16 जनवरी को प्रार्थना–सभा में 'लक्ष्मीकांत झां एवं पं0 राम नरेश त्रिपाठी की पुण्यतिथि के अवसर पर एक विशिष्ठ व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बी. एस–सी. तृतीय सेमेस्टर के छात्र श्री विक्रांत सिंह ने अपना उद्‌बोधन देते हुए लक्ष्मीकांत झां एवं पं0 रामनरेश त्रिपाठी जी की स्मृति को नमन करते हुए महाविद्यालय परिवार सहित हार्दिक श्रृद्धासुमन अर्पित की।



## लोकगीत प्रतियोगिता




17 जनवरी को 'भारत–भारती पखवाड़ा' के अन्तर्गत 'लोकगीत प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 14 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर के छात्र श्री कीर्तिमान को प्रथम स्थान, बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री आराधना को द्वितीय स्थान तथा बी. ए. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री सपना सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन बी. एड. विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती दीप्ती गुप्ता ने किया।



## साप्ताहिक योगाभ्यास

17 जनवरी को प्रार्थना सभा में साप्ताहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के अन्तर्गत शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डॉ. सत्येन्द्र नाथ शुक्ल ने ध्यान के चरण को बताते हुए ध्यान का अभ्यास करवाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप पुण्यतिथि




19 जनवरी को 'भारत–भारती पखवाड़ा' के अन्तर्गत 'हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप पुण्यतिथि' के अवसर पर एक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के विधि विभाग के सहायक आचार्य डॉ. शैलेष सिंह ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार चौधरी ने किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के विद्यार्थी श्री आयुष कुशवाहा ने किया।




## विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम

19 जनवरी को प्रार्थना सभा में 'हिन्दुआ सूर्य महारणा प्रताप पुण्यतिथि' के अवसर पर एक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष श्री नन्दन शर्मा ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय परिवार सहित महाराणा प्रताप जी की स्मृति को नमन करते हुए हार्दिक श्रद्धासुमन आर्पित की।

## शोध व्याख्यान प्रतियोगिता




20 जनवरी को 'भारत–भारती पखवाड़ा' के अन्तर्गत 'भारतीय ज्ञान परम्परा के विविध आयाम, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, विकसित भारत मिशन 2047 तथा मिशन विकसित उत्तर प्रदेश जैसे विभिन्न प्रासंगिक विषयों पर शोध व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.सी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री तृप्ति त्रिपाठी को प्रथम स्थान, बी.बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर के छात्र श्री आयुष कुशवाहा को द्वितीय स्थान तथा बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर के छात्र श्री अश्विनी वर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन अंग्रेजी विभाग की प्रभारी श्रीमती शिवानी सिंह ने किया।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता




21 जनवरी को 'भारत–भारती पखवाड़ा' के अन्तर्गत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.ए. पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री आरती को प्रथम स्थान, बी.ए. पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री प्रियंका साहनी को द्वितीय स्थान तथा बी.बी.ए. प्रथम सेमेस्टर के छात्र श्री आयुष जायसवाल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन संयुक्त रूप से डॉ. शालू श्रीवास्तव, सुश्री श्वेता एवं डॉ. अर्चना राव ने किया।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली




21 जनवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक एवं स्वयंसेवकों ने रैली में सहभाग किया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार गुप्ता एवं डॉ. आरती सिंह ने किया।

## गायन प्रतियोगिता




22 जनवरी को 'भारत–भारती पखवाड़ा' के अन्तर्गत 'गायन प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर के छात्र श्री कृतिमान को प्रथम स्थान, बी.ए. षष्ठम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री ज्योति एवं बी.ए. द्वितीय समेस्टर के छात्र श्री अश्विनी को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा बी.सी.ए. द्वितीय सेमेस्टर के छात्र श्री अनिकेत को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन बी.एड्. विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती दीप्ती गुप्ता एवं सुश्री स्मिता सिंह ने किया।

## सरस्वती पूजा एवं बसन्त पंचमी



23 जनवरी को 'सरस्वती पूजा और बसंत पंचमी' के अवसर पर यजमान श्री विवेक विश्वकर्मा ने पंडित श्री विदुर तिवारी एवं श्री शुभम मिश्रा के नतृेत्व में विधिवत हवन पूजन सम्पन्न कराया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनीष कुमार त्रिपाठी ने समस्त शिक्षकों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों को शुभकामनाऐं प्रदान की। इसी क्रम में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर उपस्थित सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने अपनी श्रृद्धांजलि व्यक्त की।

## युवा चेतना जागरूकता रैली




23 जनवरी को रोवर्स/रेंजर्स के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती (पराक्रम दिवस) के अवसर पर युवा चेतना जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रोवर्स/रेंजर्स के विद्यार्थियों ने देशभक्ति नारों एवं प्रेरणादायी संदेशो के माध्यम से जन–जन तक उनके विचारों को पहुँचाने का प्रयास किया। कार्यक्रम का संयोजन रोवर्स/रेंजर्स के प्रभारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने किया।

## मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम



24 जनवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में '16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस' की पूर्व संध्या पर लोकतांत्रिक चेतना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरती सिंह एवं डॉ. अखिलेश कुमार गुप्ता ने किया।

## रंगोली प्रतियोगिता



24 जनवरी को 'भारत–भारती पखवाड़ा' के अन्तर्गत 'रंगोली प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रानी लक्ष्मीबाई समूह ने प्रथम स्थान, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस समूह ने द्वितीय स्थान एवं मीराबाई समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. नीलम गुप्ता तथा सुश्री अर्चिता राय ने किया।

## कैरम एवं शतरंज प्रयियोगिता

24 जनवरी को 'भारत–भारती पखवाड़ा' के अन्तर्गत 'कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। कैरम प्रतियोगिता में बालक वर्ग से बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर के श्री

सिंहासन निषाद विजेता तथा बी.सी.ए. द्वितीय सेमेस्टर के छात्र श्री शिवम चौधरी उपविजेता रहे। वही बालिका वर्ग से बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा सुश्री बिट्टू चौहान विजेता एवं ंबी.एस–सी. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा सुश्री दीपांशी सिंह उपविजेता रही। शतरंज प्रतियोगिता में बालक वर्ग से बी.सी.ए. द्वितीय सेमेस्टर के छात्र श्री रूपनारायण प्रजापति विजेता एव ंबी.सी.ए. द्वितीय सेमेस्टर के छात्र श्री कृष्ण गोपाल शर्मा उपविजेता रहे। बालिका वर्ग से एम.एस–सी. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री ममता विजेता एवं बी.एस–सी. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा सुश्री शुभी उपविजेता रही। कार्यक्रम का संयोजन शारीरिक शिक्षा प्रभारी डॉ. सत्येन्द्र नाथ शुक्ल ने किया।




## 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह



26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर 77वां गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया गया। ध्वजारोहण प्राचार्य डॉ. मनीष कुमार त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के आचार्य एवं पूर्व अध्यक्ष प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनीष कुमार त्रिपाठी ने की। कार्यक्रम का संचालन श्री आयुष कुमार कुशवाहा एवं सुश्री सत्या गुप्ता ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्रावास योगिराज बाबा गम्भीरनाथ, सेवाश्रम पर भी ध्वजारोहण किया गया। छात्रावास के अधीक्षक श्री विनय कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया।

## साधारण सभा




26 जनवरी को छात्रसंघ की साधारण सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनीष कुमार त्रिपाठी ने की। छात्र प्रतिनिधियों ने छात्रहित से जुड़े मुद्दों को सभा के समक्ष रखा और सुझाव प्रस्तुत किए। सभा में प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों का उचित मार्गदर्शन किया गया।

## पांच दिवसीय स्काउट गाइड परिचयात्मक प्रशिक्षण शिविर (उद्घाटन समारोह)



27 जनवरी को बी.एड. विभाग में 'पांच दिवसीय बी.एड्. स्काउट गाइड परिचयात्मक शिविर' के अन्तर्गत उद्घाटन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनीष कुमार त्रिपाठी ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर ए. एल.टी. स्काउट गाइड श्री राजू मौर्या, श्री शिवा राय एवं स्काउट गाइड प्रशिक्षिका नंदिनी सैनी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## डिजिटल ज्ञान प्रशिक्षण कार्यशाला



27 जनवरी को राष्ट्रसंत महंत अवेद्यनाथ निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा एक दिवसीय 'डिजिटल ज्ञान प्रशिक्षण कार्यशाला' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कम्प्यूटर विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती श्रुति शाही ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन कम्प्यूटर विभाग के सहायक आचार्य श्री गौरव द्विवेदी ने किया।

## पाँच दिवसीय बी.एड्. स्काउट गाइड परिचयात्मक प्रशिक्षण शिविर (दूसरा दिन)

28 जनवरी को बी.एड्. स्काउट गाइड परिचयात्मक शिविर के दूसरे दिन स्काउट गाइड परिक्षक श्री राजू मौर्या ने बौद्धिक सत्र का क्रियान्वयन किया। स्काउट गाइड प्रशिक्षिका



श्रीमती दुर्गावती धुरिया ने व्यवहारिक जानकारी प्रदान की। स्काउट गाइड प्रशिक्षक श्री शिवा राय ने व्यायाम कौशल, सैल्यूट चिन्ह तथा स्कार्फ रोलिंग का प्रशिक्षण प्रदान किया।

## पाँच दिवसीय बी.एड्. स्काउट गाइड परिचयात्मक प्रशिक्षण शिविर (तीसरा दिन)



29 जनवरी को 'पाँच दिवसीय बी.एड्. स्काउट–गाइड परिचयात्मक प्रशिक्षण शिविर' के तीसरे दिन स्काउट गाइड के प्रशिक्षकों द्वारा व्यायाम, प्राथमिक चिकित्सा, गाँठ बांधना, स्कार्फ बांधना, सीटी के संकेत, टोली विधि, खोज चिन्ह और हाथ मिलाना जैसी गतिविधियों को प्रशिक्षुओं को सिखाया गया। बौद्धिक सत्र के अंत में कैंप फायर में शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डॉ. सत्येन्द्र नाथ शुक्ला ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया।

## महात्मा गाँधी पुण्यतिथि




30 जनवरी को प्रार्थना सभा में 'महात्मा गाँधी पुण्यतिथि' के अवसर पर बी.एस–सी. षष्ठम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री शुभी ने महात्मा गाँधी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पांच दिवसीय बी.एड्. स्काउट गाइड परिचयात्मक प्रशिक्षण शिविर (चौथा दिन)



30 जनवरी को बी.एड्. स्काउट गाइड परिचयात्मक प्रशिक्षण के चौथे दिन प्रशिक्षकों द्वारा दीक्षा संस्कार सम्पन्न कराया जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को स्काउट गाइड के नियम प्रतिज्ञा और आदर्शो से

परिचित कराया तथा उन्हे सेवा, अनुशासन और राष्ट्र भक्ति के मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाया।

## भाषण प्रतियोगिता




30 जनवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'सड़क सुरक्षा में युवाओं की भूमिका' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता मे बी.एस–सी. षष्ठम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री रूबी सिंह को प्रथम स्थान, बी.एस–सी. षष्ठम सेमेस्टर की छात्रा सुश्री दीपा गौड़ को द्वितीय स्थान तथा बी.सी.ए. तृतीय सेमेस्टर के छात्र श्री अभिनव सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार गुप्ता तथा डॉ. आरती सिंह ने किया।

## मेजर सोमनाथ जयन्ती




31 जनवरी को प्रार्थना सभा में 'मेजर सोमनाथ जयन्ती दिवस' के अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डॉ. सत्येन्द्रनाथ शुक्ल ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए मेजर सोमनाथ के साहस, बलिदान और उनकी वीरता पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय परिवार सहित उनकी स्मृति को नमन किया साथ ही हार्दिक श्रद्धासुमन अर्पित की।

## साप्ताहिक योगाभ्यास



31 जनवरी को प्रार्थना सभा में साप्ताहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के अन्तर्गत शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डॉ. सत्येन्द्र नाथ शुक्ल ने पद्मासन और कपाल भाति का अभ्यास कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

भारतीय नभमण्डल के धार्मिक–आध्यात्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक क्षितिज के दैदीप्यमान नक्षत्र युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज ने पूर्वांचल के शैक्षणिक विकास एवं भारतीय संस्कृति, परम्परा, सनातन ज्ञान–विज्ञान एवं कौशल से ओत–प्रोत शिक्षा के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से सन् 1932 ई. में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना की थी। सिद्ध गोरक्षपीठ एवं महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित महाराणा प्रताप महाविद्यालय पूर्वांचल के शिक्षा क्षेत्र की एक अग्रणी संस्था है। महाविद्यालय के मासिक गतिविधियों का एक संक्षिप्त संकलन "ध्येय पथ" नाम से मासिक ई–पत्रिका के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। इसी क्रम में जनवरी माह की मासिक ई–पत्रिका ध्येय–पथ आप सभी के अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।


महाराणा प्रताप महाविद्यालय

जंगल धूसड़, गोरखपुर